Ans. (b) – प्रश्नगत विकल्पों में से 'सुनामी' एक ऐसी प्राकृतिक आपदा है जो राजस्थान में घटित होने की न्यूनतम आशंका रखती है। जबकि अन्य प्राकृतिक आपदाओं (बाढ़, सूखा, भूकम्प आदि) के घटित होने की आशंका राज्य में बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि भूकंप और ज्वालामुखी से महासागरीय धरातल में अचानक हलचल पैदा होती है और महासागरीय जल का अचानक विस्थापन होता है। परिणामस्वरूप ऊर्ध्वाधर ऊँची तरंगे पैदा होती है जिन्हें सुनामी कहा जाता है। चूँकी राजस्थान एक स्थलरूद्ध राज्य हैं और वहाँ महासागरीय जल का प्रभाव नहीं है अतः वहाँ सुनामी की भी आशंका नहीं है।

165. राजस्थान में 'मावठ' किसका स्थानीय नाम है?

(a) पर्वतीय वनस्पति (b) मरुस्थलीय मृदा
(c) शीतकालीन वर्षा (d) स्थानान्तरित कृषि

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (c) – 'मावठ' का स्थानीय अर्थ - 'माघ वृष्टि' होता है। शीत ऋतु में भूमध्यसागर में उठने वाले चक्रवातों के कारण राजस्थान के उत्तरी पश्चिमी भागों में वर्षा होती है जिसे स्थानीय भाषा में मावठ कहा जाता है। यह वर्षा रवी की फसल के लिए लाभदायक होता है। राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा दक्षिणी-पश्चिमी मानसूनी हवाओं से होती है।

166. राजस्थान की मोठा पादप प्रजाति किस वास का वर्ग है?

(a) पहाड़ीवास (b) जलवास
(c) खारावास (d) रेतीलावास

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – राजस्थान की मोठा पादप प्रजाति जलवास वर्ग का पौधा है।

167. राजस्थान में यूरोपियन यूनियन स्टेट पार्टनरशिप प्रोग्राम जिस क्षेत्र में कार्यरत है वह है-

(a) वनीकरण (b) वन्यजीव संरक्षण
(c) जल प्रबंधन (d) मृदा संरक्षण

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – यूरोपीय संघ के राज्य भागीदारी कार्यक्रम नीति जल प्रबंधन क्षेत्र में कार्यरत है। इस कार्यक्रम को यूरोपीय संघ द्वारा 80 मिलियन यूरो के अनुदान द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। राजस्थान सरकार के लिए 73.5 मिलियन यूरो और तकनीकी सहायता, निगरानी/मूल्यांकन और लेखा परीक्षा के लिए 6.5 मिलियन यूरो दिया जा रहा है।

168. राजस्थान में सर्वाधिक भूकम्प सम्भावित क्षेत्र कौन सा है?

(a) गंगानगर-हनुमानगढ़ व चूरू
(b) भरतपुर-अलवर व झुंझुनू
(c) जयपुर-दौसा व करौली
(d) नागौर-जोधपुर व पाली

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – राजस्थान राज्य में भूकम्प की उच्च आवृत्ति के कारण जोन II, III व IV क्षेत्र पाये जाते हैं। जोन IV के अन्तर्गत- बाड़मेर, जालौर, अलवर और भरतपुर के कुछ हिस्से आते हैं।

169. निम्नलिखित में से कौन जयपुर एवं जोधपुर की स्थापना तिथि बताता है?

(a) दयालदास की ख्यात (b) बांकीदास की ख्यात
(c) नैणसी की ख्यात (d) एकलिंग शिलालेख

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – राजस्थान की विभिन्न रियासतों के इतिहास से संबंधित विवरण, बाँकीदास की ख्यात में प्राप्त होता है। दयाल की ख्यात में बीकानेर के राठौर के इतिहास का पता चलता है। जोधपुर शहर की स्थापना 12 मई 1459 को राव जोधा द्वारा करायी गयी थी। जयपुर की स्थापना 18 नवम्बर 1727 को आमेर के राजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने करायी थी।

170. कौन -सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

(a) सिंधाना झुंझुनू
(b) बिदासर चुरु
(c) रेलमगरा उदयपुर
(d) राजपुरा-दरीबा राजसमन्द

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (C) –

गाँव		जिला
सिंधाना	-	झुंझुनू
बिदासर	-	चुरु
रेलमगरा	-	राजसमन्द
राजपुरा-दरीबा	-	उदयपुर

171. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) गुहिल : मेवाड़ (b) भाटी : जैसलमेर
(c) परमारः मारवाड़ (d) चालुक्य : गुजरात

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) –

गुहिल	-	मेवाड़
भाटी	-	जैसलमेर
राठौड़	-	मारवाड़
चालुक्य	-	गुजरात
परमार	-	आबू

172. राजस्थान के लिए 'राजपूताना' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?

(a) मेटकाफ (b) कर्नल टॉड
(c) लार्ड वैलेजली (d) जार्ज थॉमस

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (d) – राजस्थान के लिए 'राजपूताना' शब्द का प्रयोग करने वाला प्रथम व्यक्ति जार्ज थाँमस था। विलियम फैंकलिन ने 1805 में "A Military Memories of georage thomes" नामक पुस्तक लिखा। इसी पुस्तक में विलियम फ्रेंकलिन ने बताया था कि राजस्थान को सर्वप्रथम राजपूताना कहने वाला जार्ज थामस था। कर्नल जेम्स टाँड ने इस प्रदेश का नाम राजस्थान रखा।